उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

संख्याः– यू.सी.एस.एण्ड.टी. / बायोडावर्सिटी पार्क / 2024–25 /
दिनांक : 12 दिसम्बर, 2024

# निविदा सूचना

महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा यूकॉस्ट परिसर में स्थित बायोडावर्सिटी पार्क, अन्य बागवानी तथा लॉन (lawns) आदि के रख–रखाव और लेखाकार्य सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने हेतु अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त एजेन्सीज से मासिक आधार पर सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 26.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन निविदायें प्रस्तुत करने वाली एजेन्सीज के प्रतिनिधियों के सम्मुख अपराह्न में 03:00 बजे खोली जायेंगी। इस सम्बन्ध में विस्तृत निविदा सूचना परिषद की वेबसाईट www.ucost.uk.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

महानिदेशक, यूकॉस्ट को प्राप्त किसी भी अथवा समस्त प्रस्तावों को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

प्रभारी–प्रशासन

उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद(यूकॉस्ट)
सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (उत्तराखण्ड शासन)
विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून – 248015

संख्याः– यू.सी.एस.एण्ड.टी. / बायोडावर्सिटी पार्क / 2024–25 /
दिनांक : 12 दिसम्बर, 2024

# निविदा सूचना

महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा यूकॉस्ट परिसर में स्थित बायोडावर्सिटी पार्क, अन्य बागवानी तथा लॉन (lawns) आदि के रख–रखाव और लेखाकार्य सम्बन्धी सेवायें प्रदान करने हेतु अनुभवी एवं ख्यातिप्राप्त एजेन्सीज से मासिक आधार पर सेवायें उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 26.12.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक मुहरबंद निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं।

उक्त सेवायें उपलब्ध कराने हेतु सक्षम, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित ऐजेन्सीज से निम्नवर्णित नियमों और शर्तो (terms & condition) तथा मासिक भुगतान आधार पर मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं:–

1. इच्छुक निविदादाता किसी भी कार्यदिवस में यूकॉस्ट परिसर में किये जाने वाले कार्यों का आकलन कर सकते हैं।

2. किये जाने वाले लेखा सम्बन्धी कार्यों को करने हेतु लगाई गयी मानवशक्ति की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक होनी आवश्यक है और लेखा कार्यों का पर्याप्त अनुभव होना अनिवार्य है।

3. वांछित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक उपकरण, पौधे, खाद एवं आवश्यक अन्य सामग्री यूकॉस्ट द्वारा उपलब्ध करायी जाऐंगी। अतः निविदादाता अपनी दरें तदानुसार प्रस्तुत करें।

4. इच्छुक निविदादाता / सेवादाता द्वारा वांछित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु पूर्व अनुभव होना आवश्यक है। कृपया निविदा के साथ प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें।

5. निविदादाता को जारी जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ भेजी जाय। यदि निविदादाता को जी.एस.टी. पंजीकरण से छूट प्राप्त है तो समर्थक दस्तावेज (supporting document) की स्व–प्रमाणित प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न की जाय। ऐसा न करने पर निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा।

6. निविदा के साथ रू. 10000 (रूपये दस हजार मात्र) की बयाना राशि **(Earnest Money Deposit)** किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से महानिदेशक, यूकॉस्ट, देहरादून के नाम से बने अकाउन्ट पेई डिमाण्ड ड्राफ्ट या पे आर्डर के रूप में निविदा के साथ लगायी जाये। निविदा खुलने के बाद किसी भी शर्त का पालन न करने या अपनी निविदा का सम्मान न करने पर निविदादाता द्वारा जमा की गयी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. निविदादाता द्वारा अपनी निविदा में वांछित सेवाओं हेतु प्रस्तावित मानवशक्ति और दरों का विवरण और देय कुल मासिक चार्जेज का विवरण एक तालिका के रूप में दिया जाना चाहिये। इसके अतिरिक्त निविदा में निविदाता को देय सेवा शुल्क (services charges) जी.एस.टी. या अन्य देय चार्जिज का स्पष्ट विवरण व देय अन्य करों/चार्जेज का स्पष्ट उल्लेख किया जाये। ऐसा न होने पर प्रस्तुत दरों को सभी चार्जेज या करों सहित माना जायेगा और परिषद बाद में इस सम्बन्ध में किसी भी संशोधन को स्वीकार नहीं करेगा।

8. सफल निविदादाता को वांछित सेवायें विज्ञान धाम, झाझरा (वाया–प्रेमनगर, देहरादून–248015) स्थित यूकॉस्ट कार्यालय परिसर में करनी होगी, जिसके लिये निवेदित दरों के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नहीं होगा। दरें तदानुसार निवेदित की जायें।

9. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत अपनी निविदा पर निविदादाता के हस्ताक्षर किये जायें और हस्ताक्षर के नीचे मोहर लगायी जाय। निविदा को सीलबन्द लिफाफे में, जिस पर मोटे अक्षरों में **''बागवानी आदि की सेवाओं हेतु दिनांक 26.12.2024 को खुलने वाली निविदा''** लिखा हो, में रखकर अधिमानतः (preferably) रजिस्टर्ड या स्पीड पोस्ट से ही भेजा जाय।

10. निविदादाताओं द्वारा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजी गयी निविदायें दिनॉक 26–12–2024 को पूर्वाह्न में 11:00 बजे तक यूकॉस्ट कार्यालय में पहुँच जानी चाहियें। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन अपराह्न में 15:00 बजे निविदादाताओं के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी कारणवश उस दिन यूकॉस्ट में अवकाश होने पर निविदायें अगले कार्यदिवस को अपराह्न में 15:00 बजे खोली जायेंगी।

11. **देरी से प्राप्त या बिलम्बित निविदाओं (late or delayed tenders)** पर विचार नहीं किया जायेगा। अतः निविदादाता अपनी निविदायें समय पर भेजना/पहुंचना सुनिश्चित करें।

12. सफल निविदादाता को धरोहर राशि के रूप में रू.20,000/–(रूपये बीस हजार मात्र) की राशि महानिदेशक, यूकॉस्ट के नाम से न्यूनतम 01 वर्ष के लिये बनी सावधि जमा रसीद (Term Deposit Receipt) के रूप में जमा करनी होगी।सफल निविदादाता द्वारा जारी अनुबन्ध की किसी भी शर्त का पालन न करने पर महानिदेशक, यूकॉस्ट को

अपने विवेक से जमा धरोहर राशि को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप में जब्त करने का अधिकार होगा।

**13.** सफल निविदादाता के किसी भी कार्मिक की उपस्थिति, व्यवहार या कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर सफल निविदादाता को उसे बदलना होगा। निविदादाता की सेवायें, संतोषजनक न पाये जाने पर या जारी कार्य आदेश की किसी भी शर्त का पालन न करने पर परिषद को जारी कार्य आदेश को शेष अवधि के लिये निरस्त करने और धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा।

**14.** वांछित सेवायें उपलब्ध कराने हेतु सफल निविदादाता द्वारा लगायी गयी मानवशक्ति की सुरक्षा, देयता एवं कार्यकुशलता की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। यूकॉस्ट की इस सम्बन्ध में कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**15.** महानिदेशक, उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) को किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**प्रभारी–प्रशासन**